गुजरात में खनिजों और धातुओं की खोज

4145. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग ने पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात राज्य में खनिजों और धातुओं की खोज के लिये कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों का ब्यौरा क्या है जहां सर्वेक्षण किया गया था और इस अवधि के दौरान वहां पाये गये खनिजों और धातुओं की अनुमानित मात्रा कितनी है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए गये हैं ?

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) और (ख) गत तीन वर्षों के दौरान भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गुजरात में निम्नलिखित क्षेत्रों में खनिज अन्वेषण का कार्य प्रारंभ किया है :–

(1) बानासकांथा जिले में टीन-टंगस्टन-मोलिब्डनेम और रेयर अर्थ एलिमेंट का अन्वेषण ।

(2) बानासकांथा जिले के अम्बामाटा विस्तार क्षेत्रों में मूल धातु का अन्वेषण ।

(3) बानासकांथा जिले में घोडा के निकट बोलास्टोनाइट का अन्वेषण ।

(4) जामनगर जिले के जामजोधपुर क्षेत्र के एलेक हिल में स्वर्ण संबंधी अन्वेषण । अब तक के अन्वेषण के परिणाम उत्साहवर्धक नहीं हैं ।

भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गुजरात में लगभग 35 मिलियन टन लिग्नाइट होने का अनुमान लगाया हैं जिसमें से 25 मिलियन टन भंडूंब क्षेत्र में और 10 मिलियन टन राजपारदी और वास्तान क्षेत्रों में मिलने का अनुमान है ।

(ग) गुजरात के लिग्नाइट निक्षेपों का विदोहन राज्य सरकार के उपक्रम गुजरात खनिज विकास निगम द्वारा किया जा रहा है ।

खानों की खोज

4146. **श्री अजीत जोगी** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991-92 के दौरान विभिन्न धातुओं/अयस्कों की खानों की खोज पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ख) पिछले तीन वर्षों की तुलना में खनिज उत्पादन में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई; और

(ग) क्या उत्पादन में कोई वृद्धि नहीं हुई; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) सरकार द्वारा वर्ष 1991-92 के दौरान खनिजों की खोज पर भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण में वहन किए गए परिचालन व्यय की कुल राशि 9.04 करोड़ रु० थी । खनिज गवेषण निगम लि० (एमईसीएल) में प्रवर्तन (प्रमोशनल) संबंधी व्यय के रूप में 13.59 करोड़ रु० खर्च किए गए ।

(ख) देश में उत्पादित खनिज की कुल मूल्य में पिछले वर्षों की तुलना में वर्ष 1991-92, 1990-91 और 1989-90 में क्रमश : 3.26%, 3.11% और 5 % की बढ़ोत्तरी हुई है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Scandal in MECL

4147. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA : Will the Minister of MINES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a multi-crore purchase scandal in the Mineral Exploration Corporation Ltd., a public sector unit, had recently come to light;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) what is the outcome of the investigations made into the purchase scandal ; and

(d) what action has been taken by Government against those involved in the scandal?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV) : (a) to (d) The Mineral Exploration Corporation Limited (MECL) placed orders for purchase of 29 drill machines and certain tools and accessories amounting to Rs. 3.36 crores during lanuary-February, 1990. The allegation that orders were placed for drills, spares and tools not required by MECL, has been referred to CBI for enquiry. The CBI on the basis of preliminary enquiry have filed an FIR against seven officials of MECL.

संगमरमर की कीमतें

4148. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि संगमरमर की कीमतें 5 रु० वर्ग फुट से लेकर 500 रु० वर्ग फूट तक है और इस वर्ष इस पर 20 रु० प्रति वर्ग मीटर की दर से उत्पादन शुल्क लगा देने के कारण सस्ते किस्म के संगमरमर के उपभोक्ताओं पर अधिक बोझ बढ़ गया है;

(ख) क्या सरकार इस विसंगति को दूर करने के लिए विचार करेगी; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में किस प्रकार और कब तक विचार करेगी ?